# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001

e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

जल सारथी

पत्रांक 1192 / मीडिया कार्नर / 31 दिनांक–02/07/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी महोदय,
गाजीपुर।

विषय– अमर उजाला समाचार पत्र के पेपर कटिंग में अंकित शीर्षक ''छह साल में बह गये 1021 करोड़, फिर भी टंकियां अधूरी, नालों से नही गिरी एक बून्द'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक सादर अवगत कराना है कि अमर उजाला समाचार पत्र के पेपर कटिंग में शीर्षक ''छह साल में बह गये 1021 करोड़, फिर भी टंकियां अधूरी, नलों से नही गिरी एक बून्द ''के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि समाचार पत्र में वर्णित योजनाओं का विवरण निम्नानुसार है–

1– सुहवल क्षेत्र के युवराजपुर, मे जगह–जगह पर पेयजल आपूर्ति का पाइप लाइन अधूरी पडी हुई है पुरी पाइप लाइन नही बिछाये जाने के कारण ग्रामीणों के घरो में इस बार गर्मी में भी पानी नही पहुचा ग्रामीण आज भी हैण्ड पम्प के माध्यम से प्यास बुझा रहें है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि युवराजपुर पेयजल योजना से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है। पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं को पूर्ण क्षमता पर संचालित कराने हेतु ओ0 एण्ड एम0 एजेन्सी मेसर्स सरला के0पी0आई0एल0, हैदराबाद के द्वारा डी0पी0आर0 तैयार कराकर स्वीकृत हेतु मुख्यालय प्रेषित है। डी0पी0आर0 स्वीकृति एवं धनावंटन की दशा में उक्त क्षतिग्रस्त पाइप लाइन का मरम्मत कार्य कराते हुए योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

2– मनिहारी में तीन वर्ष पहले ही घरों में नल की टोटी लगा दी गयी। टोटी लगने के बाद ग्रामीणों को उम्मीद थी की पानी आयेगा। जब एक–दो महीने बाद भी पानी नही आई, तो उन्होने पूछताछ शुरू की। लेकिन तब से लेकर आज तक उनको केवल आश्वासन दिया जा रहा है। नल की सुखी टोटी से अब ग्रामीण की उम्मीद भी टूटती हुई नजर आ रही है। उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि विकास खण्ड–मनिहारी के मनिहारी खास पेयजल योजना से सम्बन्धित है। योजना अन्तर्गत नलकूप, शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, बाण्ड्रीवाल, पम्पिंग प्लान्ट के कार्य पूर्ण है, कार्यदायी संस्था मेसर्स एल0 एण्ड टी0 के द्वारा ट्रान्सफार्मर लगाये जाने हेतु विद्युत विभाग को धनराशि जमा कर दी गयी है, विद्युत विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के उपरान्त जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

3– सैदपुर क्षेत्र के हसनपुर में ओवरहेड टैंक के लिये चहारदीवारी बना दी गयी है। लेकिन ओवरहेड टैंक बनाने का कार्य शूरू नही हुआ है। एक वर्ष से यहा पर काम रूका है। ग्रामीण जब सवाल पूछते है, तो जिम्मेदार चुप्पी साध लेते है। गावं में पेयजल आपूर्ति कब शूरू होगी, यह सवाल लगातार उठ रहे है। विकास खण्ड–सैदपुर के हसनपुर पेयजल योजना से सम्बन्धित है। उक्त के क्रम में सादर अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत नलकूप, पाइप लाइन, बाउण्ड्रीवाल एवं शिरोपरि जलाशय, के फाउन्डेशन का कार्य पूर्ण किया जा चूका है। वर्तमान में रेलवे विभाग की नई रेलवे लाइन के कार्य क्षेत्र में आ जाने के कारण परियोजना को अस्थायी रूप से बन्द कर दिया गया है। राजस्व विभाग द्वारा उक्त प्रकरण का निस्तारण होने के उपरान्त परियोजना का कार्य पुनः प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

4– बिरनो ब्लॉक के भोजापुर में पॉच वर्ष से ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य जल रहा है। लेकिन अभी तक निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है। इसके कारण ग्राम पंचायत के करीब तीन हजार ग्रामीणों को भी शुद्ध पेयजल आने का इंतजार है। दो वर्ष तक तों ठप हो गया था। इसके पीछे की वजह बजट न होना था। विकास खण्ड–बिरनों के भोजापुर पेयजल योजना से सम्बन्धित है। उक्त के क्रम में सादर

अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत नलकूप, पम्प हाउस पूर्ण, पाइप लाइन 60 प्रतिशत पूर्ण है तथा बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत पूर्ण, एवं शिरोपारि जलाशय का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण है वर्तमान में धनाभाव होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है। धनावंटन होने के उपरान्त कार्य पूर्ण कराते हुए जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

5– ब्लॉक– सैदपुर में खानपुर क्षेत्र के जमीन संदल में तीन वर्ष पहले ग्राम पंचायत के 2500 घरों में पेयजल का कनेक्सन देते हुए टोटी लगा दी गयी। लेकिन आज तक टोटीयां सुखी है। अभी तक इनसे पानी नही टपका है। ग्रामीण तीन वर्षो से नल की टोटीयों से शुद्ध पेयजल आने का इंतजार कर रहें है। विकास खण्ड–सैदपुर के खानपुर पेयजल योजना से सम्बन्धित है। योजना अन्तर्गत के अन्तर्गत नलकूप, बाउन्ड्रीवॉल एवं पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से 60 प्रतिशत हाउस कनेक्शन में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में धनाभाव होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है। धनावंटन होने के उपरान्त शेष कार्य पूर्ण कराते हुए समस्त घरों में जलापूर्ति प्रारम्भ करा दी जायेगी।

6– खानपुर के रजहती में 2023 में 200 किलोलिटर क्षमता को ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य शूरू हुआ था। लेकिंन, अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य पूरा नही हो पाया है। इसके कारण ग्राम पंचायत में शुद्ध पेयजलपूर्ति अभी तक नही हो पाई है। 302 घरों में पेयजलपूर्ति के लिये 2.65 लाख की योजना है। विभाग का दावा है कि इससे 2960 ग्रामीण लाभान्वित होगें। उक्त के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेसर्स एच0एफ0सी0एल0 के द्वारा जमीन सन्दल पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है। योजनान्तर्गत प्रस्तावित 01 नग नलकूप के सापेक्ष 01 नग पूर्ण, 01 नग पम्प हाउस के सापेक्ष 01 नग पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 200 किली0 / 14 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 60 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 15.908 कि0मी0 के सापेक्ष 15.908 कि0मी0 पूर्ण एवं गृह जल सयोजन 409 नग के सापेक्ष 599 नग पूर्ण है। वर्तमान मे डायरेक्ट पम्पिंग के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। धनावंटन / भुगतान न होने के कारण कार्यदायी फर्म द्वारा योजनाओं के कार्यो की प्रगति वर्तमान में धीमी कर दी गई है। भुगतान प्राप्त होने की दशा में आगामी 2 माह में योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

7– सुहवल क्षेत्र पटकनियॉ में तीन वर्ष से ओवरहेड टैंक बनाकर तैयार हो गया है। लेकिन लापरवाही इस कदर है कि गांव में न तो पाइप लाइन बिछाई गयी है और न ही नल की टोटीयां लगाई गयी है। इसके कारण आज तक ग्रामीणों के घरों में पेयजल आपूर्ति नही हो पाई है। उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत पटकनियां पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण एवं संचालित कराते हुए सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया गया है, हस्तानान्तरित के उपरान्त सम्बन्धित ग्राम पंचायत द्वारा योजना का संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य कराया जा रहा था। पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण जलापूर्ति बाधित थी। योजना का संचालन एवं अनुरक्षण हेतु शासन से नामित एजेन्सी मेसर्स सरला के0पी0आई0एल0, हैदराबाद के द्वारा पाइप लाइन मरम्मत कर पुनः पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी गयी है। वर्तमान में योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(राजीव कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0: 1192 / पे42 कार्ट्रि0 / 31 दिनाँकः 02/07/2026

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, गाजीपुर।
2. जिला सूचना अधिकारी, गाजीपुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
4. डी0टी0एल0–टी0पी0आई0, मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, गाजीपुर।

अधिशासी अभियन्ता